तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 1 जून 2024



11 बिन माली कैसे संवरे बाग, विषय विशेषज्ञों व सुविधाओं ...



12 तंबाकू से रहें दूर, दूसरों को भी बताएं दुष्परिणाम






# आधा कचरा ट्राली में, आधा सड़क पर, ऐसे कैसे मिलेगी स्टार ग्रेडिंग


हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

नगर पंचायत बेरला को स्वच्छता के मामले में प्रदेश की ग्रेडिंग में स्टार ग्रेड मिला हुआ है। पर कचरे ले जाने वाले गाड़ी कंडम व जर्जर स्थिति में नजर आ रही है। इन गर्मी के दिनों में साफ-सफाई का काम नगर बेरला में किया जा रहा है, तो वहीं नगर पंचायत बेरला की गाड़ियां फिटनेस व जर्जर होने पर नगर में सवालिया लहजे उत्पन्न हो रहे हैं। दरअसल नगर पंचायत बेरला में कचरे व नालियों की साफ-सफाई की जा रही है। उसके बाद ट्रैक्टर व ट्राली के माध्यम से कचरे को भरकर ले जाया जाता है। लेकिन, जिस ट्राली में कचरा भर कर ले जाया जा रहा है, वह ट्राली पूरी तरह जर्जर व कंडम हो गई है। इसके कारण आधा कचरा ट्राली में तो आधा सड़कों पर गिरता जाता है। बदबूदार कचरे के सड़कों पर गिरने से जहां आम जनों को परेशानी हो रही है।

## नगर पंचायत बेरला में साफ-सफाई ऐसी गाड़ी के भरोसे

### सीएमओ को 6 माह से फिटनेस के लिए बोल रहा हूं : अध्यक्ष

नगर पंचायत बेरला अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे ने बताया कि नगर पंचायत बेरला की गाड़ी की फिटनेस व जर्जर होने पर बेरला सीएमओ वनिष दुबे और सब इंजीनियर मयंक राठौर को जानकारी दे चुके हैं। पिछले 6 माह से ट्रेक्टर व ट्राली की स्थिति खराब हो गयी है। ड्राइवर कई बार ट्रैक्टर के सेकेंड हैंड टॉयर से काम चला रहा है। लेकिन उसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। उसके बाद बेरला एसडीएम पिंकी मनहर व नायब तहसीलदार चंद्रकांत राही को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई। इस संबंध में नगर पंचायत बेरला के सब इंजीनियर मयंक राठौर से जानकारी चाही गई। उन्होंने मैं वर्शन देने के लिए अधिकृत अधिकारी नहीं हूं, कहकर जानकारी देने से मना कर दिया।



### कचरा मुक्त शहर की दिशा में बेरला, कहीं कागजों पर तो नहीं

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शहरों की स्वच्छता स्थिति को परखने अनेक मानकों पर प्रति वर्ष मूल्यांकन किया जाता है। इस वर्ष भी जनवरी माह में जीएफ़सी (कचरा मुक्त शहर) स्टार रेटिंग ओ.डी.एफ़ (खुले में शौच मुक्त) प्लस तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए भारत सरकार की टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया। इसमें नगर पंचायत बेरला का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। निकाय को भारत सरकार द्वारा ओ.डी.एफ़. प्लस तथा जी.एफ़.सी. में स्टार रैंकिंग से नवाजा गया। उक्त परिणाम में छत्तीसगढ़ के 169 निकायों में 45 निकायों को जी.एफ़.सी. स्टार रैंकिंग में सफलता हासिल होने की पुष्टि हुई थी। उनमें बेमेतरा जिले के 8 निकायों में केवल 3 निकायों जिसमें नगर पंचायत बेरला, नगर पालिका परिषद् बेमेतरा एवं नगर पंचायत साजा को सफल दर्शाया गया है। कचरे गाड़ी की स्थिति देख कर लगता है कि कहीं नगर पंचायत स्वच्छता के मामले में आगे सिर्फ कागजों में तो नहीं है?

## खबर संक्षेप

### काउंटिंग ऑब्ज़र्वर शेट्टीनावर बेमेतरा पहुंचे

**बेमेतरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र -07 दुर्ग अन्तर्गत बेमेतरा ज़िले के तीनों की विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त काउंटिंग ऑब्ज़र्वर एस बी शेट्टीनावर (आईएएस) 31 मई की ज़िला बेमेतरा पहुँचे। लोकसभा निर्वाचन- 2024 की ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 4 जून को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

### छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा की बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 2 जून को 11:30 बजे सिवनी स्थित जिला गोंडवाना भवन में रखी गई है। बैठक में विगत बैठक के लंबित प्रस्ताव पर चर्चा, वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का गठन एवं ग्रामीण स्तर में सेवा दल गठन पर चर्चा अन्य समसामयिक चर्चा की जाएगी।

### जेल में युवक की मौत की कलार समाज ने की निंदा

**गुरूर।** कलार समाज जिला बालोद ने ग्राम फरदफोड़ तहसील देवरी बंगला जिला बालोद निवासी लुकेश सिन्हा पिता भारत राम सिन्हा 34 वर्ष की मौत को लेकर आबकारी पुलिस विभाग एवं जेल प्रशासन द्वारा मारपीट को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने जिला जेल बालोद में लुकेश की मृत्यु हो जाने की घटना की घोर निंदा की है। समाज के लोगों ने छत्तीसगढ़ शासन से उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठन कर जेल प्रशासन एवं आबकारी पुलिस विभाग के उक्त कृत्य की जांच कर दोषी व्यक्ति के विरूद्व दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की है। समाज के लोगों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कलार समाज छ.ग एवं कलार समाज जिला बालोद के सभी मंडलेश्वर, सचिव, कोषाध्यक्ष जिला के सभी पदाधिकारी उक्त घटना के विरोध में 3 जून को सुबह 11 बजे पुलिस अधीक्षक बालोद को ज्ञापन सौंपेंगे।

## अगले पांच-सात दिन 45 डिग्री के ऊपर ही रह सकता है तापमान

# नवागढ़ के इतिहास में सबसे ज्यादा गर्म रहा शुक्रवार, 47 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

इस बार नवागढ़ में गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए है। शहर आग उगल रहा है। अप्रैल के आखिरी सप्ताह में तापमान तेजी से बढ़ा है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा, ये नवागढ़ शहर में अब तक का रिकार्ड सबसे ज्यादा तापमान है। प्रचंड गर्मी का आलम यह है कि दिन तो दिन रातें भी अब ठंडी नहीं हो पा रही हैं।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे ही तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक हर घंटे में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दिन का सबसे अधिकतम तापमान दोपहर 2-3 बजे के बीच 47 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि औसत से कहीं अधिक रहा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस तरह शुक्रवार इस सीजन एवं इतिहास में नवागढ़ का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार एवं गुरुवार को 46 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच-सात दिनों तक तापमान 45 डिग्री के ऊपर ही रहेगा। विभाग ने सेहत को लेकर सजग रहने की अपील की है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे से ही सूरज तीखे तेवर दिखाने लगा। जैसे-जैसे सूरज चढ़ा तपीश बढ़ती ही गई। दिनभर लोग घरों में ही दुबके रहे। बाजार में सन्नाटा छाया रहा। बेहद जरूरी काम होने पर इक्का-दुक्का लोग ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जो गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय या पेड़ों की शरण ले रहे हैं। कूलर-पंखों ने दम तोड़ दिया। गर्मी का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों व गर्भवती महिलाओं पर पड़ा।







### जलस्तर गिरने लगा, आगे होगी दिक्कत

गर्मी के बढ़ने के साथ-साथ शहर सहित ग्रामीण अंचल में तालाब, कुओं, नलकूप का पानी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। भूजल स्तर में गिरावट का असर जलस्रोतों पर भी नजर आने लगा है। जिसके कारण हैंडपंप साथ छोड़ने लगे हैं। वर्तमान में गिरते जलस्तर की वजह से तालाब, कुआं और हैंडपंप जैसे पारंपरिक जलस्रोत जवाब देने लगे हैं। जलसंकट की आहट को देखते हुए लगने लगा है कि आने वाले दिनों में स्थानीय निवासियों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ सकती है।

### लू व हीट स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी

गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ अर्ध बेहोशी, ब्लड प्रेशर लो और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने लगी है। नवागढ़ सरकारी अस्पताल की ओपीडी में भी इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अस्पताल पहुंच रहे इस तरह के मरीजों को दवाएं देने और इंजेक्शन लगाने के बाद खानपान में परहेज करने की सलाह चिकित्सक दे रहे हैं। बीएमओ डॉ एमएम रज़ा ने बताया कि तापमान बढ़ने से हीट स्ट्रोक की शिकायत ज्यादा आती है, जो अब आने लगी है। हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे लोगों को चाहिए कि वह बिना देर किए तुरंत इमरजेंसी में दाखिल होकर उपचार शुरू कराएं। धूप में निकलते समय ऐसे कपड़े पहनें कि शरीर ढका हो।

## ओवर लोड से उपकरण खराब, बिजली आपूर्ति गर्मी में बाधित



**बेमेतरा।** इस बार भीषण गर्मी से एक तरफ जहां पूरा जनजीवन परेशान है, तो दूसरी ओर बिजली उपकरण भी सहन नहीं कर पा रहे हैं। कहीं, केबल में आग लग रही है, तो कहीं ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आ रही है। वहीं, लोड भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके कारण शहर सहित अंचल में दिन रात मेंटेनेंस के कार्य में विद्युत विभाग के कर्मचारी इस भीषण गर्मी और तपती दुपहरी में जुटे हुए नजर आ रहे हैं। बुधवार को शहर के वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत मोहभट्ठा रोड बिजली ऑफिस के पीछे लगातार लो-वोल्टेज एवं ओवरलोडिंग की समस्या के कारण बिजली तार जलकर तीन स्थानों पर टूट गया। बिजलीकर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत कर तारो को जोड़कर लाइन चालू किया गया। उसके कुछ घंटे बाद ही ट्रांसफार्मर केबल में आग लग गयी। उसके बाद विभागीय कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर में बढ़े हुए लोड एवं लो-वोल्टेज की समस्या की ⏭ शेष पेज 11 पर

- कहीं केबल, तो कहीं ट्रांसफार्मर जलने की लगातार आ रही शिकायतें

## डीएलएड की वार्षिक परीक्षा जारी, डाइट प्राचार्य ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं दो पालियों में संचालित की जा रही हैं। जिले के सबसे बड़े अकादमिक संस्थान डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। अंतिम दिवस डाइट संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने केंद्राध्यक्ष अनिल कुमार सोनी के साथ प्रथम वर्ष की परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया। प्रथम वर्ष की परीक्षाएं प्रातः 8 से 11:15 तक संचालित हो रही है। द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दोपहर 2 से 5:15 बजे तक संचालित की जा रही हैं। परीक्षाएं दो हाल में संचालित की जा रही हैं। बड़े हॉल में 60 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इनमें पर्यवेक्षण कार्य के लिए चार पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। जबकि छोटे हॉल में 40 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसमें तीन पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता व पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही संस्थान के व्याख्याता राजकुमार वर्मा को सहायक केंद्राध्यक्ष तथा डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई ⏭ शेष पेज 11 पर



## प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत के लिए कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम स्थापित

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आगामी मानसून सत्र 2024 को देखते हुए दिए गए निर्देशानुसार संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 04 में नियंत्रण कक्ष 1 जून 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित करने के आदेश दिए हैं।

जिलास्तरीय कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07824-222103 है। प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी देने या प्राप्त करने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी टेकरम माहेश्वरी को विपत्ति एवं प्राकृतिक आपदा के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं, अधीक्षक कार्यालय कलेक्टरेट ⏭ शेष पेज 11 पर

- जिलास्तरीय कंट्रोल रूम का फोन नम्बर जारी

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में की गई 5 पुरुषों की नसबंदी



**बेमेतरा।** बेरला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 पुरषों का सफल पुरुष नसबंदी आपरेशन किया छोटा परिवार खुशहाल परिवार''के संदेश को जिला बेमेतरा के लोग साकार कर रहे हैं। एक निश्चित पैमाने पर जनसंख्या समाज की उपलब्धि है। जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरूष नसबंदी आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 'मोर मितान मोर संगवारी' सम्मेलन के माध्यम से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार पुरूष नसबंदी पखवाड़े को ''स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा' की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संत राम चुरेंद्र ने बताया कि पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते हैं।

जागरूकता के उद्देश्य से मोर मितान मोर संगवारी चौपाल के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लक्ष्य दंपत्ति की ग्रामवार सूची तैयार कर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने बताया कि पुरूष नसबंदी के पश्चात हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपए दिये जाते हैं एवं प्रेरक को 300 रूपए दिये जाते हैं। पुरूष नसबंदी सरल, सुरक्षित और आसान विधि है, इसलिए योग्य और इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव करें और लाभ उठायें।

## सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में हुए शामिल

# नगर के डॉ अवधेश ने सिंगापुर यूनिवर्सिटी में पढ़ा शोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी, सिंगापुर में 29 और 30 मई को आयोजित इंटरनेशल कांफ्रेंस में बेमेतरा समाधान महाविद्यालय से डॉ अवधेश पटेल, डॉ अलका तिवारी और अविनाश तिवारी शामिल हुए। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस के आयोजक अरविंदो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन, मेगाफोर्ट, सिंगापुर, सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, दिल्ली और नॉलेज पार्टनर शंकराचार्य प्रोफेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, रायपुर थे। इस कांफ्रेंस का विषय था इकोनॉमी, इकोलॉजी एंड इक्विटी इन द लाइट ऑफ धार्मिक प्रिंसिपल्स, कल्चर कंजरवेशन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट। इस कांफ्रेंस में भारत, मलेशिया, बांग्ला देश और सिंगापुर से प्रतिभागी सम्मिलित हुए। भारत देश से सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के अलग अलग कई राज्यों के प्रोफ़ेसर, रजिस्ट्रार, वाइस चांसलर शामिल हुए।

- कांफ्रेंस में भारत, मलेशिया, बांग्लादेश और सिंगापुर से पहुंचे प्रतिभागी



इस कांफ्रेंस में बेमेतरा समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अवधेश पटेल ने नीड ऑफ कॉन्शियसनेस डेवलपमेंट वैल्यू एजुकेशन बेस्ड ऑन मध्यस्थ -दर्शन सहअस्तित्ववाद फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 2015 से 193 देश जिस सस्टेनेबल डेवलपमेंट के वैश्विक लक्ष्य के लिए एकत्र हुए हैं और सतत विकास के जिन सत्रह (17) लक्ष्यों के लिए सहमत हुए हैं, उन सभी लक्ष्यों को मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। यह दर्शन ढाई हजार साल बाद एक नया दर्शन मानव जाति को मिला है जिसके प्रणेता श्रद्धेय ए नागराज जी, अमरकंटक हैं। इस दर्शन से सार्वभौमिक मानवीय शिक्षा, सार्वभौमिक मानवीय संविधान, सार्वभौमिक मानवीय आचरण, सार्वभौमिक मानवीय व्यवस्था का व्यावहारिक स्वरूप व्याख्यायित होता है। यह व्यावहारिक, तार्किक, वैज्ञानिक, सार्वभौमिक दर्शन है जिसमें प्रकृति सहज सार्वभौमिक नियमों का प्रतिपादन श्रद्धेय ए नागराज जी ने किया है। और इसे शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी मानते हुए एआईसीटीई ने इंजीनियरों कॉलेजों में, एससीईआरटी दिल्ली ने हैप्पीनेस करिकुलम के रूप में, नेपाल महानगरपालिका ने हाम्रो खुशी पाठ्यक्रम के रूप में, इसके कुछ अंश को लागू किया है और बहुत से शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाएं इसे अपने स्तर में परिचय और अध्ययन, अभ्यास का कार्य करवा रहे हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम संबंधों में तृप्ति और प्रकृति के साथ संतुलन पूर्वक जीने के अभ्यास के रूप में दिखाई दे रहा है। इस दर्शन में और भी गहराई से शोध की आवश्यकता है।

### एशिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी का किया विजिट

कांफ्रेंस में शामिल होने गए प्रतिभागी डॉ अलका तिवारी और अविनाश तिवारी ने बताया कि सिंगापुर केवल बेहतर टूरिस्ट प्लेस ही ⏭ शेष पेज 11 पर


हरिभूमि

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### शहर में लूट और चेन स्नेचिंग के बढ़ते मामले चिंतनीय

**रायपुर।** लूट एवं चेन स्नेचिंग पर चिंता जाहिर करते हुए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा है कि पचपेड़ी नाका एवं फाफाडीह चौक जैसे बड़े चौराहों से इस प्रकार के आपराधिक तत्व ऑटो में सवार



होकर शहर की विभिन्न जगहों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, इसकी जानकारी पूर्व में भी विभाग के अधिकारियों को दी गई थी, किंतु अभी तक इस प्रकार की घटनाओं में शामिल आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। कुछेक घटनाओं के पकड़े भी गए तो वहीं दूसरी घटना हो जाती है। यहां यह विचारणीय प्रश्न है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद भी इस पर किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही न होने से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। अतः जिला एवं पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि इस प्रकार की लगातार हो रही घटनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए एक विशेष टीम का गठन करें और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्वाई करें।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर के यहां लाखों की चोरी

रायपुर। गुढ़ियारी थाने में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अज्ञात चोर के खिलाफ पांच तोला सोना तथा एक किलो चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी योगेश डागा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। योगेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते मकान के अंदर प्रवेश किया और कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में आलमारी तथा लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला



**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

### एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

# समय पर बिजली की खराबी ठीक न करने वाले अधिकारियों पर गिरेजी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा है, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी. दयानंद ने बैठक में विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा, तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाइनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रुकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई, जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके हैंष बजट की समस्या नहीं है, वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है।

श्री दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यों की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया।

## ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश




### वर्तमान समय में मौसम के कारण आ रही हैं दिक्कतें

बैठक में बताया गया, यदि ये कार्य समय पर हो गए होते, तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं, उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है, ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके। मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से आई जानकारी के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया, आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए हैं जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जाएगा। बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक(वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (पारेषण-परियोजना) उपस्थित थे।

### भोमिया जी व मां पद्मावती महापूजन आज, अनुष्ठान की तैयारियां जोरों पर

**रायपुर।** विमलनाथ जैन श्वेताबर मंदिर ट्रस्ट द्वारा 1 जून को भोमियाजी महापूजन और 2 जून को मां पद्मावती देवी का महापूजन विधि-विधान से किया जायेगा। मंदिर की रजत जयंती के अवसर पर इस आयोजन को करने में 108 लोगों की सहभागिता है। दो दिवसीय अनुष्ठान कराने महेंद्र सागरजी महाराज के शिष्य मनीषी



उपाध्याय, मनीष सागर महाराज के शिष्य मुनिराज और विवेक सागर महाराज विशेष रूप से शामिल होंगे। इन अनुष्ठानों के मार्गदर्शक सिरोही, राजस्थान निवासी मनोजकुमार बाबूमल हरण होंगे। विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के विनोद सोनीगरा व अरुण बरलोटा ने बताया, ये दोनों ही महानुष्ठान नाकोड़ा भैरव सोसाइटी के विमलनाथ मंदिर परिसर स्थित हीरसूरी भवन में होंगे। इसकी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा व सेमिनार 'कॅरियर विथ केरेक्टर' 3 जून को नाकोड़ा भैरव सोसाइटी की करुणा सिंगी, हर्षिता टाटिया, सूरज झाबक ने बताया कि आयोजन के तीसरे दिन 3 जून को प्रातः 8.45 से मुनिराज विवेक सागर महाराज की प्रवचन सभा होगी। प्रवचन के बाद विशिष्ट अतिथि अमन जैन द्वारा कॅरियर विथ कैरेक्टर विषय पर उद्बोधन होगा।

## शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

# डीडी नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बन रहे व्यावसायिक परिसर

हाउसिंग बोर्ड का व्यावसायिक परिसर निगम के हवाले रहवासियों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रहवासी कालोनी में बिना पार्किंग के बने व्यासायिक परिसर से रहवासी परेशान हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई यह रहवासी कालोनी नगर निगम को हैंडओवर हुई, पर परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के बाद इसे पूरी तरह व्यावसायिक परिसर करने को लेकर रहवासी खासे नाराज हैं। डीडी नगर निवासी देवेन्द्र गुप्ता, अक्षय दीवान, प्रकाश यादव का कहना है कि इसकी मौखिक शिकायत वार्ड पार्षद और निगम प्रशासन से की है, पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

दरअसल, डीडीनगर के कंचनगंगा अश्व परिसर के सामने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का एक व्यावसायिक परिसर है। इसमें कुछ दुकानें और ऊपर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय है। यह डीडीनगर वासियों के लिए एक छोटा सरकारी बनाया हुआ बाजार है। इस परिसर के लिए पार्किंग बनाई गई है, पर इसमें 12 महीना पानी भरा रहता है। इस कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे और आने-जाने वाले सड़क पर ही अपनी गाड़ियां पार्क कर देते हैं। इसके कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। यही नहीं, कई बार जाम लगने से डीडी नगर गार्डन, सेंट्रल स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, बंजारी नगर, एनआईटी और साइंस कालेज जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक अब पासपोर्ट कार्यालय के सामने नया व्यावसायिक परिसर बन रहा है। 4 मंजिला परिसर में दर्जनों दुकानें निकाली जा रही हैं, पर अचंभा की बात ये है कि परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं दी गई। इसी तरह कई इलाकों में दुकानें बना दी गई हैं। गोलचौक पर भी जाम के हालात हैं। यहां सड़क पर वाहन खड़े होने की वजह से आवाजाही मुश्किल हो रही है।

बिना पार्किंग के हाउसिंग बोर्ड के मकान को पूरी तरह व्यावसायिक करने को लेकर रहवासी नाराज हैं। उनका ये भी कहना है, यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ेगी।

## छत्तीसगढ़ को देश में सुपरफूड का केंद्र बनाने, फसल चक्र, जैविक खेती तथा तकनीकी पर जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने कृषि एवं वानिकी विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग के सभाकक्ष में गुरुवार को हुई। कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। उल्लेखनीय है कि विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का उत्तरदायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। सितंबर तक विजन डॉक्यूमेंट का अंतिम रिपोर्ट तैयार करने अलग-अलग विषयों पर आठ वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ को भारत में सुपरफूड का केंद्र बनाने, छत्तीसगढ़ को प्रसंस्कृत सुपरफूड का पॉवर हाउस बनाने, वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया गया। वहीं मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने, कृषि सेवा केंद्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी-बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वन उपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

### कृषि भूमि के बेहतर उपयोग अन्य विषयों पर चर्चा

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण के लिए अपने सुझाव दिए। अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहुफसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोतरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात कही।

# सोने से पहले चांदी बन जाएगी लखपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने एक साथ कीमत में दौड़ लगाने का काम प्रारंभ किया था। काफी समय तक दोनों की कीमत आस-पास रही, लेकिन लगता है कि अब चांदी कभी भी लखपति बन जाएगी और सोने को लखपति बनने में समय लगेगा।

चांदी की कीमत लगातार नया इतिहास लिख रही है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि चांदी की सबसे ज्यादा खरीदारी करने का काम इस समय चीन कर रहा है। इसी के साथ भारत में सौर ऊर्जा के लिए सोलर पैनल भी बनाने का काम ज्यादा हो गया है। इसमें भी चांदी का उपयोग होता है। केंद्र सरकार ने एक करोड़ परिवारों के घरों की छत पर सोलर पैनल से बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। इसी के साथ देश में बिजली की कमी को देखते हुए सौर्य ऊर्जा से बिजली बनाने के नए-नए बड़े संयंत्र भी लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के राजनांदगांव में भी इस साल सौ मेगावाट का एक बड़ा संयंत्र लगा है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को बिजली भी मिल रही है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी का 60 फीसदी उपयोग तो मोबाइल समेत अन्य उपकरणों और चांदी के बर्तन बनाने में होता है देश के साथ अपने प्रदेश में चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। बीते दो माह से इसकी कीमत में ज्यादा ही इजाफा हुआ था। अप्रैल से पहले चांदी की कीमत 80 हजार से कम थी, लेकिन अब दो माह में कीमत एक लाख के करीब हो गई है। मई में पहले एक बार कीमत कीमत 97 हजार के पार हो गई थी, लेकिन इसके बाद कीमत में कुछ कमी होने से कीमत 93 हजार के करीब आई गई, लेकिन अब वापस कीमत फिर से 97 हजार के पार हो गई है। आने वाले माह में इसकी कीमत के एक लाख तक जाने की पूरी संभावना है।

# प्रतीक्षालय में सो रहे युवक पर चढ़ा दी कार, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रोडरेज का मामला सामने आया है। एक कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए प्रतीक्षालय में घुसा दी, जहां सो रहा एक युवक कार की चपेट में आ गया। घायल युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक दुर्ग का रहने वाला था। घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है।

पुलिस के अनुसार कार की चपेट में आने से दुर्ग सिंधी कालोनी निवासी रवि खेतपाल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को मैग्नेटो मॉल के पास बने प्रतीक्षालय में रवि सो रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार सीजी-04 पीएन-3215 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए शेड से बने प्रतीक्षालय में घुसा दी। घटना के समय रवि प्रतीक्षालय में सो रहा था। कार की चपेट में



आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बुधवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### नशे में धुत होने की आशंका

घटना के पुलिस ने जो सीसीटीवी फूटेज बरामद किए हैं, उसमें कार चालक के नशे में धुत होने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह कार काफी ज्यादा रफ्तार होने के साथ लहराकर चल रही है। गौरतलब है कि वीआईपी मार्ग पर कई बड़े होटल तथा क्लब संचालित हैं, जहां देर रात तक शराबखोरी होती है, इसके चलते आए दिन इस क्षेत्र में एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# कुलसचिव को हटाने की मांग, निजी यूनिवर्सिटी के खिलाफ भी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में दो छात्र संगठनों ने अपना विरोध दर्ज करवाया। आचार संहिता लागू होने के कारण छात्रों ने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने स्थान पर शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याएं गिनवाईं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलसचिव की डिग्री और नौकरी पर सवाल उठाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की।

इधर, एनएसयूआई ने अंजनेय यूनिवर्सिटी पर आरोप लगाया है कि विवि प्रबंधन द्वारा शुल्क ना चुकाए जाने पर छात्रों को परीक्षा में ना बैठने देने की धमकी दी गई है। छात्रों के विरोध के बाद सभी को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की बात अंजनेय विवि प्रबंधन द्वारा कही गई, लेकिन फीस पूर्ण रूप से नहीं भरे जाने तक अंकसूची छात्रों को नहीं दी जाएगी। नरदहा स्थित अंजनेय यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आगामी ट्यूशन फीस जमा नहीं करने पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित करने को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन मे प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, मोनू तिवारी, तारिक खान, विशाल मानिकपुरी, पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू, रजत ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।



### फर्जी तरीके से हासिल की डिग्री और नौकरी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवि के कुलसचिव पर फर्जी तरीके से डिग्री और नौकरी करने का आरोप लगाया है। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर छात्रों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की है। एबीवीपी का कहना है, कुलसचिव की योग्यता और अनुभव से संबंधित दस्तावेज चौथी बार जांच में फर्जी पाए गए हैं। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित अन्वित दीक्षित, सुजल गुप्ता, योगेश साहू, निखिल तिवारी, अक्षत गोस्वामी व अन्य छात्र इस दौरान मौजूद रहे।

# बगैर लाइसेंस, परमिट के चल रहे ऑटो के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अनदेखी कर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस तथा बगैर परमिट के चल रहे 43 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके ऑटो जब्त कर जुर्माना राशि वसूल की है। पुलिस के मुताबिक जिन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें 13 ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसी तरह से 21 ऑटो चालकों के पास ऑटो चलाने परमिट नहीं था। इसके साथ ही 10 अन्य ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# चौकीदार की हत्या के आरोप में पत्नी तथा तीन नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार, बदले बयान तो धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ट्रांसपोर्ट के चौकीदार की अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। चौकीदार की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी, नाबालिग बेटा, मृतक की साली का बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपनी साली के बेटा के साथ मारपीट करने सहित अपनी पत्नी तथा साली के चरित्र को लेकर गलत अफवाह फैलाना है। पुलिस के मुताबिक कल्याण यादव उर्फ लल्लू की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी रोहणी यादव, साली का बेटा आदित्य यादव, मृतक का नाबालिग बेटा तथा भिलाई के दो नाबालिगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कल्याण यादव की लाश आमानका के जेपी गार्डन के नाले में 24 मई को मिली थी। मृतक के शरीर पर तथा सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने मामले की पड़ताल करते हुए कल्याण की पत्नी तथा परिजनों से पूछताछ की, तो उन लोगों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।



### 50 हजार रुपए में दी हत्या की सुपारी

पुलिस के अनुसार आदित्य भिलाई खुर्सीपार में रहता है। उसने अपनी बड़ी मां रोहिणी को उसके पति की हत्या करने भिलाई के दो लड़कों को 50 हजार रुपए देकर हत्या कराने की जानकारी दी। इसके बाद घटना दिनांक को कल्याण को उसका नाबालिग बेटा आमानका ब्रिज पर लेकर आया। कल्याण के ब्रिज पर आते ही हत्या की ताक में बैठे नाबालिगों ने कल्याण के सिर पर पत्थर तथा चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और लाश नाले में फेंक दी।

### मारपीट, चरित्र संदेह हत्या की वजह

मामले की पड़ताल के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पति से विवाद होने की वजह से रोहणी अपने पति से अलग रहती है। साथ ही पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के एक सप्ताह पूर्व कल्याण का अपनी साली के बेटे के साथ विवाद हुआ था। विवाद के कारण कल्याण ने अपनी साली के बेटे के साथ मारपीट की थी। इसके बाद रोहणी तथा मृतक की साली का बेटा अदित्य ने कल्याण की हत्या करने प्लानिंग की। हत्या की प्लानिंग में रोहणी ने अपने नाबालिग बेटे को भी शामिल कर लिया।

# गड्ढा पाट रहे मजदूर के साथ मारपीट

**रायपुर।** गंज थाने में एक वृद्ध ने अपने पड़ोसी तथा उसके बेटे के खिलाफ मजदूर के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नगर सेक्टर-3 निवासी चंद्रकांत टांक ने नीलेश आनंदपरा तथा उसका बेटा पार्थ के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि उनके कांप्लेक्स के सामने रोड में गड्ढा हो गया था, जिसे वह मजदूर बुलवाकर भरवा रहा था। इस बात से नाराज होकर निलेश तथा उसके बेटे द्वारा मजदूर के साथ मारपीट करने तथा बीचबचाव करने पर अपने साथ भी मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप

### 4 जून को बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बालोद।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर मतगणना दिवस 4 जून को मतगणना स्थल नगर पालिका बालोद स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### बाइक पर लगाई आग

**भिलाई।** दो बाइक एक सायकिल को अज्ञात ने आग लगाकर फरार हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 435 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 रामनारायण सेन ने शिकायत किया है। 29 मई की रात अपनी बाइक व सायकिल को रोज की तरह ब्लॉक के भीतर आंगन में खड़ी किया था। पड़ोस में रहने वाला संदीप नंदी ने भी बाइक वहीं रखता है। अज्ञात ने वाहनों में आग लगाकर फरार हो गया।

### राज्यपाल 14 को करेंगे रक्तदाताओं का सम्मान

**बालोद।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को राज्यपाल एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में राजभवन स्थित दरबार हॉल में रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त सम्मान के लिए श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। उक्त अवसर पर जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं, जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले शासकीय कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही रेडक्रॉस को रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग करने वाले श्रेष्ठ संगठन, सामाजिक संस्था, समाजसेवी संस्था, औद्योगिक संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थान के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। शामिल है। उक्त संबंध में आवेदन 2 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

### विकास कार्यों के नाम पर गुणवत्ताहीन कार्य

हरिभूमि न्यूज :भिलाई
नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में चल रहे विकास कार्यो को अधिकारी तक झांकने नहीं जाया करते है। इसके कारण इनकी गुणवत्ता का ध्यान किसी को नहीं है।इसका सबसे बड़ा उदाहरण भिलाई तीन स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए बनाए जा रहे आडिटोरियम 27 अप्रैल को भरभरा के गिर गया। इसमें कई ठेका मजदूरों को चोट भी आई थी। लेकिन बड़ा हादसा नहीं हुआ। मगर निगम के अधिकारी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का समय-समय पर निरीक्षण करने नहीं जाया करते है। सिर्फ टेबल पर बैठकर ही सारी फाइलों को निपटाने में मशगुल रहते है। इस कारण ही ठेका लेने वाले ठेकादार भी विकास कार्यों में गुमवत्ताहीन से काम करते है। इसके बाद एकता नगर भिलाई 3 में स्थित मुक्तिधाम का दीवार भी दो बार गिर गया। इसमें बड़ी लापरवाही निगम के अधिकारियों की ही मानी जा रही है।

## निधन

### मेहत्तर राम यादव



**गुण्डरदेही।** ग्राम भरदाकला के व्याख्याकार, तबला वादक, गायक, कवि मेहत्तर राम यादव का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन के साथ ही मानस क्षेत्र, कला एवं साहित्य क्षेत्र से जुड़े लोग सम्मिलित हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### देवकीबाई साहू



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद (हल्दी) निवासी देवकीबाई साहू 80 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे डोमन साहू की माता एवं देवेंद्र साहू की दादी थीं।

## समस्या : नगर शासकीय कालेज में दो साल से प्राचार्य भी नहीं

# बिन माली कैसे संवरे बाग, विषय विशेषज्ञों व सुविधाओं की कमी से जूझ रहा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

बाउंड्रीवाल और प्राचार्य विहीन भव्य नगर शासकीय कालेज में 36 ग्रामों के 932 विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 2023–24 में परीक्षा देकर अपना भविष्य संवारने का प्रयास किया। कालेज का भव्य भवन तो है, मगर कालेज में प्राचार्य का नहीं होना बड़ा दुखदायी बना हुआ है। बाग लाजवाब हो और माली न हो, तो उस बाग का क्या हश्र होता है, उससे हर कोई वाकिफ है।

इसी दर्द से कराहता हुआ शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर–भरर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए चिंतित है। भौतिकी, प्राणिशास्त्र, हिंदी सहायक ग्रेड 1, सहायक ग्रेड 3 चौकीदार स्वच्छक के पद तो स्वीकृत हैं, लेकिन रिक्त पड़े हुए हैं। इसी प्रकार प्रयोग तकनीशियन के स्वीकृत 4 में से 2 पद, प्रयोगशाला परिचारक के स्वीकृत 4 में से 3 पद, भृत्य के 2 में से 1 पद रिक्त पड़े हुए हैं, जो व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं। इस वर्ष बीए में 502, बी काम में 118 और बीएससी में 312 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी।



### छात्र अनुपात में नवीन पद स्वीकृति की मांग

छात्र अनुपात में अतिरिक्त नवीन पद राजनीति हेतु 1 इतिहास हेतु, 1 भूगोल हेतु, 1 हिंदी साहित्य हेतु, 1 अर्थशास्त्र हेतु, 1 समाजशास्त्र हेतु, 1 हिंदी हेतु, 2 अंग्रेजी हेतु, 2 रसायन विज्ञान हेतु, 1 वाणिज्य हेतु, 1 सहायक ग्रेड दो हेतु, 1 प्रयोग परिचारक हेतु, 1 भृत्य हेतु, 1 सहायक ग्रेड तीन हेतु, 1 बुल लिफ्टर हेतु, 1 क्रीड़ा सहायक 1 की नवीन पद स्वीकृति हेतु 28 मई 2024 को कालेज द्वारा उक्त सम्पूर्ण जानकारी लिखित में आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर को प्रेषित की गई है।

### इन 36 ग्रामों में कालेज जामगांव आर की रोशनी फैली

जामगांव आर, भर, भनसूली, औरी, बोरवाय, खोला, बासिन, धमना, बटरेल, बेलहरी, गातापार, उमरपोटी, आगेसरा, नवागांव, टेमरी, सुरपा, ओदारागहन, करेला, मोहभठठा, बीजाभाठा, घोरारी, पहन्दा, गबदी, दरबार, मोखली, रांचीराई, परसाही, राहुद भाठागांव आर, डोंगीतराइ, जरवाय, कुम्हली, पाउहा, आमालोरी, गाड़ाडीह, फेकारी, कुर्रीगुंडरा आदिग्रामो के शिक्षा स्तर को अपडेट करने में शासकीय कालेज जामगांव आर वरदान साबित हुआ है।

### कालेज में सुव्यवस्था के लिए मसीहा का इंतजार

अब व्यवस्था की दृष्टि से इस कालेज को पूर्ण संरक्षण की आवश्यकता है। शासकीय कालेज की स्थापना से भवन व्यवस्था तक तात्कालिक संसदीय सचिव विजय बघेल ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई, जो इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित हो गया। भाजपा शासन 2011 में कालेज प्रारंभ हुई भवन भी बन गए। प्राचार्य और प्राध्यापकों सहित अन्य अनेकों कमियां विधायक भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने से उम्मीद जगी, लेकिन उम्मीद धरी रह गई। अब भाजपा शासन प्रदेश में फिर सत्तारूढ़ हो चुकी है, केंद्र में भी पूरी उम्मीदों के साथ भाजपा 4 जून का इंतजार कर रही है। भाजपा के मंसूबे पूरे होते ही क्या कालेज की कमी पूरी करने के लिए मसीहा की इंतजार पूरी हो जाएगी या जारी रहेगी भविष्य के गर्भ में है।

### 2 साल बाद भी प्राचार्य नहीं आना विडंबना

13 दिसंबर 2011 से 29 मई 2017 तक अतिरिक्त प्रभारी और प्रभारी प्राचार्य की भूमिका में डा राधा पांडे, डा केके अग्रवाल डा कोमल सिंह सार्वा डा नीरजा रानी पाठक आए और चले गए। 21 जून 2017 से 22 अगस्त 2017 तक नीता कुंभारे ने प्रभार लिया। 23 अगस्त 2017 से 28 अगस्त 2019 प्राचार्य डा केबी शर्मा, 3 सितंबर 2019 से 1 मार्च 2021 तक प्राचार्य डा एके खरे और 16 मार्च 2021 से 21 फरवरी 2022 तक प्राचार्य डा गुप्तेश्वर गुप्ता प्राचार्य पद पर आसीन रहे। गुप्ता के जाने के 2 साल बाद भी कालेज में प्राचार्य नहीं आया बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है।

### कालेज को स्नातकोत्तर अपडेट करने की मांग

शासकीय कालेज जामगांव आर 2011 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले एरिया का शिक्षा स्तर 12 वीं तक ही था। कालेज खुलने के बाद स्तर स्नातक तक पहुंचा, लेकिन स्नातकोत्तर के लिए बच्चे अधर में लटके हुए हैं। स्तर स्नातक तक ही रुक गया है। 36 ग्रामों के बच्चों को स्नातकोत्तर तक स्तर प्रदान करने में शासन को शीघ्र ही संज्ञान लेना चाहिए। केवल भाषण में बालिकाओं को आगे बढ़ाने के नीति से आगे बढ़ते हुए स्नातकोत्तर कक्षाएं अविलंब प्रारंभ कर बालिकाओं को भविष्य संवारने का वरदान भरा उपहार देना चाहिए। क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग ने कहा कि कालेज में संख्या बालिकाओं की ज्यादा है, उन्हें पाटन उतई दुर्ग का सफर कर स्नातकोत्तर की पढ़ाई में आर्थिक मानसिक रूप से आड़े आ रही है स्तर स्नातक तक रुक गई है।

### दो दोस्तों को मिला अध्यक्षीय अवसर, दोनों मौन, अब कौन

भाजपा शासन काल में स्थापित शासकीय कालेज जामगांव आर में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पद नरेश केला को सौंपा गया और प्रदेश में कांग्रेस शासन आते ही नरेश केला के दोस्त रूपेंद्र शुक्ला ने अध्यक्ष पद संभाला। लेकिन, भाजपा प्रदेश में पुनः सत्तासीन हो चुकी है अभी तक शासकीय कालेज जामगांव आर अध्यक्ष पद की घोषणा नहीं हुई है। कालेज विभिन्न समस्याओं से घिरी हुई है शीघ्र ही अध्यक्ष घोषणा के साथ समस्याओं के हल करने में पहल होने की उम्मीद बनेगी। अब तो दोनों दोस्त पूर्व अध्यक्ष से नवाजे जाते हैं, इसलिए समस्याओं के हल के लिए स्वाभाविक सह मौन हैं। अब इंतजार है कि अध्यक्ष अब कौन।

# मां के गर्भ से ही करें गर्भस्थ शिशु की देखभाल के उपाय



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले में महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने मां के गर्भ से ही गर्भस्थ शिशु की देखभाल के उपाय करने को कहा है।

कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग के समीक्षा बैठक में विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड में बच्चों के कुपोषण दूर करने हेतु चलाए जा रहे 'मोर लइका – स्वस्थ लइका' अभियान के बेहतर परिणामों की सराहना करते हुए इसके तर्ज पर सम्पूर्ण बालोद जिले में बच्चों के कुपोषण दूर करने हेतु 01 जून से 31 दिसम्बर 2024 तक 'मोर लइका-स्वस्थ लइका' अभियान चलाए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन सहित जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कुपोषण मुक्ति संबंधी योजना की ली जानकारी

बैठक में चन्द्रवाल ने विभाग के अधिकारियों से गुण्डरदेही विकासखण्ड में बच्चों के कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों की स्थिति में हुए उल्लेखनीय सुधार के लिए बनाए गए योजना के संबंध में भी जानकारी ली। गुण्डरदेही विकासखण्ड के परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए समाज के जागरूक लोगों, शिक्षकों तथा गणमान्य जनों को कुपोषित बच्चों के दत्तक पालक की जिम्मेदारी दी गई है। इन सभी के द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने एवं उनके देखरेख करने के अलावा पालकों से गृहभेंट कर लगातार उनके व्यवहार परिवर्तन एवं साफ–सफाई के संबंध में प्रेरित किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप गुण्डरदेही विकासखण्ड के कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने में आशातीत सफलता मिली है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड में किए गए उपायों की सराहना करते हुए इसी तर्ज पर सम्पूर्ण जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए माताओं के गर्भवती होने के पश्चात ही पूरे 09 माह तक तथा नवजात शिशु के जन्म होने के बाद से ही इसके लिए समुचित उपाय करना आवश्यक है।

### नियमित रूप से मापें बच्चों का वजन व ऊंचाई

चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा नियमित रूप से बच्चों का सही तरीके से वजन एवं ऊंचाई का मापन कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बच्चों के वजन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने पोषण आहार अंतर्गत दर्ज एवं लाभान्वित हितग्राहियों की परियोजनावार समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कुपोषित बच्चों की संख्या के संबंध में जानकारी ली तथा सभी कुपोषित बच्चों को प्राथमिकता के साथ पोषण पुनर्वास केन्द्र में भतएँ कराने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने गंभीर श्रेणी से सामान्य श्रेणी एवं मध्यम श्रेणी में आने वाले बच्चों के संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

# ग्राम तार्री के नाली निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल



**गुरूर।** ग्राम तार्री में चल रहे नाली निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं करने के कारण नाली की दीवार हल्की चोट से टूट रही है, पर जिम्मेदारों को निगरानी की फुर्सत नहीं है।

ग्राम तार्री अभिसरण मद से नाली निर्माण कराया जा रहा है। पंचायत के जिम्मेदार को नहीं पता कि कितनी लागत से नाली बन रही है। उसकी निगरानी करने की फुर्सत भी उन्हें नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगा है। कार्य को आरंभ हुए एक माह का समय बीत चुका है। कार्य अपने अंतिम चरण पर है, पर कोई नहीं जानता कि नाली निर्माण के लिए कितनी राशि स्वीकृत हुई है। कार्यस्थल पर कार्य कर रहे लोगों को नहीं पता कि कार्य कितनी राशि से हो रहा है। नाली निर्माण के बाद उसकी तराई नहीं की जा रही है, जिसका परिणाम यह है कि कार्य चल रहा है एवं कार्य के दौरान हल्की चोट से ही नाली की दीवार टूट रही है। नाली निर्माण के दौरान जो छड़ डाली जा रहा है, वह भी निर्धारित मापदण्ड के विपरीत से एक से सवा फीट की दूरी पर बांधी जा रही है। इससे मजबूती को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**इंजीनियर के मार्गदर्शन में हो रहा कार्य : सचिव**

मामले में सचिव ग्राम पंचायत तार्री नागेश पटेल ने कहा कि कार्य पंच करा रहे हैं। हम कम ही जाते हैं। आप बता रहे हैं, तो जाकर देखूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड जल्द बना देंगे। कार्य इंजीनियर के मार्गदर्शन में उनके कहे अनुसार ही कराया जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### ओवर लोड से...

जांच की, तो पाया कि ट्रांसफार्मर में क्षमता से अधिक भार हो गया है। जिसके कारण विद्युत अवरोध समस्या आ रही है। इसी तरह गुरुवार को उपरोक्त समस्या की जानकारी विभाग के सहायक अभियंता गुलाब राम साहू को तकनीक कर्मचारी एवं उपभोक्ताओं द्वारा दी गई। तपती धूप में शाम तक ट्रांसफार्मर से केबल खींचकर एक नया सर्किट तैयार करवाया गया, जिससे तात्कालिक तौर पर राहत मिल गई। परंतु ओवरलोडिंग की समस्या के लिए अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाना आवश्यक हो गया था। जिस पर विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया। इसके कारण मोहभट्ठा रोड, स्टेट बैंक, रेस्ट हाउस चौक से रतन टॉकीज तक की विद्युत व्यवस्था 2 घंटे तक प्रभावित रही।

### डीएलएड की वार्षिक परीक्षा...

है। और उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी ढंग से किये। जबकि परीक्षा कार्य में सहयोगी के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, योगेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय शामिल रहे। जबकि पर्यवेक्षक के रूप में आँचल वर्मा, रानी साहू, ज्ञानेश्वर तिवारी, विधि शर्मा, नीलिमा साहू, रामकृष्ण साहू, शांति देवांगन, संतोष साहू ने सहयोग किया।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव...

बेमेतरा एवं सहायक प्रभारी अधिकारी पवन सिंह परमार को नियुक्त किया गया हैं। कंट्रोल रूम में 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है, जो 24×7 कार्यरत रहेंगे । अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर नियंत्रण कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें एवं नियंत्रण कक्ष में रहकर निम्नांकित दायित्वों का निर्वहन करेगें जिसमे नियंत्रण कक्ष में रहकर बाढ़ नियंत्रण पंजी संधारित करेगें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में आपदा की स्थिति आने पर सूचित करने वाले व्यक्ति के नाम, पता एवं आपदा का विवरण पंजी में उल्लेख करेंगे। प्रभारी अधिकारी को संबंधित आपदा पीडित स्थल व व्यक्ति के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार तत्काल सूचित करेगें। आपदा प्रबंधन के दौरान असामयिक घटना होने पर स्थानीय स्तर पर सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान किये जाने के लिए जारी नंबरों पर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

### नगर के डॉ अवधेश...

नहीं अपितु उच्च स्तरीय शिक्षा का हब भी है। इस दौरान एशिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी का विजिट भी किए। इस कांफ्रेंस में जेरेड क्यूक जियान जो कि सिंगापुर में रहते हैं और उनके पास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन, ईसाई धर्मशास्त्र और व्यवसाय प्रशासन में विशेषज्ञता वाली दो स्नातकोत्तर डिग्रियां हैं। वह शिक्षा क्षेत्र में काम करते हैं और उन्हें नए स्पिरिचुअल एआई सिस्टम की इंजीनियरिंग आधारित महत्वपूर्ण रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। इस कांफ्रेंस में श्री औरोविंदों योग एंड नॉलेज फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं कांफ्रेंस के मुख्य आयोजक डॉ एस एम घोष, डॉ इंद्राणी घोष, डॉ किरणबाला पटेल, इंजीनियर सिस्टर शुभांगी, डॉ नीलाभ तिवारी, भोपाल, डॉ मनोग्या, हिमाचल प्रदेश संस्कृत यूनिवर्सिटी, केंद्रीय संस्कृति यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर श्रीनिवास वेंखेड़ी जी, रजिस्ट्रार डॉ मुरलीकृष्ण, शंकराचार्य प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट से डॉ नवीन जैन, डायरेक्टर मेगाफोर्ट प्राइवेट लिमिटेड सिंगापुर मिस्टर टॉम सैम्होन, (प्रोफेसर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर), शिक्षाविद लाई फन, सिंगापुर, लिली, फाउंडर एबिलिटी, डॉ जयंती रामचंद्र, प्रिंसिपल मिराम्बिका स्कूल, दिल्ली, नोट स्पीकर डॉ हबीब उल्लाह ख़ान, एक्स प्रोफेसर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर, रहे। इस तरह इंटरनेशनल कांफ्रेंस में 82 अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र पढ़े गए।

### अपर कलेक्टर कौशिक ने लिया फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के संस्थानों में फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने जिला मुख्यालय के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। कौशिक ने जिला मुख्यालय बालोद उम्मीद हॉस्पिटल, सुमित बाजार, सिनेमा हॉल, रेस्टोरेंट, फटाखा दुकान, राइस मिल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाओं अवलोकन कर विस्तृत जानकारी ली। अपर कलेक्टर ने जिन संस्थानों में फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर उन कमियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश संचालकों को दिए गए।

# गर्मी में फूली मोटर की सांस, दो दिनों से कई वार्डों में जल संकट, आज भी टैंकर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



भीषण गर्मी के बीच लोड अधिक होने के कारण मोटर खराब होने की स्थिति में कई वार्डों में दो दिन से पीने का पानी नहीं पहुंच पाया है, जिससे पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर नगर पालिका के मात्र 6 पानी टैंकर हैं, जो कई कार्यों में व्यस्त हैं।

- शहर के कशीबन तालाब पार स्थित मोटर पंप खराब

पालिका प्रशासन स्पष्ट नहीं बता पा रहा है कि नगर पालिका के 6 टैंकरों का उपयोग कहाँ और किसलिए किया जा रहा है। दरअसल पानी टैंकर का जिक्र इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वार्डवासियों के घरों में लगे नल से पानी नहीं आने के कारण वार्डवासी टैंकर का इंतजार करते हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 6 तथा 7 में गुरुवार की शाम से नल में पानी नहीं आ रहा है। शुक्रवार को भी पानी नहीं आया और आज शनिवार को भी पानी नहीं आने की संभावना वार्ड पार्षद ने जताई है। कुल मिलाकर तीन दिनों तक वार्डवासियों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी मोटर पंप खराब होने के कारण वार्डवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा है और समय पर टैंकर नहीं पहुंचने से वार्डवासियों को पानी के लिए भटकना भी पड़ा है। यही स्थिति एक बार फिर बीते दो दिन से शहर में देखने को मिली है।

### नगर पालिका के पास मात्र 6 टैंकर, सब बुकिंग में

दो दिन से पानी की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों ने पानी टैंकर की मांग की तो नगर पालिका के पेयजल डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने कहा कि पालिका प्रशासन के पास केवल 6 पानी टैंकर है। एक टैंकर अटल आवास में है, तो वहीं बाकी के टैंकर इधर-उधर बुकिंग में गए हुए हैं। कितने टैंकर बुकिंग में हैं और कहां हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। वहीं, जल सभापति योगराज भारती ने कहा कि पालिका में पानी टैंकर 5 हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवासी एक जगह पानी नहीं भरते, आखिर कितनी पूर्ति कर डालेंगे।

### आज बनेगा मोटर : मालेकर

पार्षद सुनील मालेकर ने कहा कि खराब मोटर शनिवार को बन जाएगा। सुनील मालेकर पार्षद वार्ड 07 ने कहा कि अंदर से केबल जल गया है, आज नहीं बन पाएगा। वार्ड नं 9 में अभी बना रहे हैं वहां बनेगा तो कल यहां बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 4 ही टैंकर हैं और सब बुकिंग में हैं। निर्देश योगी नगर पालिका पेयजल विभाग ने कहा कि 6 पानी टैंकर हैं। उन्होंने कहा कि सुबह हर जगह टैंकर नहीं दे सकते, जिस वार्ड में खराब है, उसे भी देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शोक कार्यक्रम और शादी कार्यक्रम में भी लोग टैंकर बुकिंग में ले जाते हैं।

### लोग एक जगह पानी नहीं भरते, कितनी पूर्ति करेंगे : योगराज

भारती नगर पालिका जल सभापति योगराज ने कहा कि कितनी पूर्ति करेंगे। पब्लिक यहां लाओ वहां लाओ कहती है। एक जगह कोई पानी भरते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मैं पता करता हूँ, पालिका के पास 5 टैंकर हैं।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी के दौरान अपना और परिवार का रखें ख्याल : चंद्राकर

**अंडा।** प्रदेश में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से खुद का और परिजनों का ख्याल रखने की बात कही है। श्री चंद्राकर ने कहा है कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश के तापमान में भारी वृद्धि हुई है। झुलसाने वाली गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं, इसके कारण गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, अपना और अपने बच्चों तथा बुजुर्गों का खास ख्याल रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से निकलें, इस दौरान सावधानी जरूर बरतें। सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह से बांधें, पानी अधिक मात्रा में पियें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पियें, छायादार जगहों पर रहें, लू लगने या तबीयत ख़राब होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल जाएं। क्योंकि, सावधानी में ही समाधान है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक हीटवेव जारी रहने की बात कही है।

### राशन दुकानों की जांच के लिए समिति गठित

**गुरूर।** पीडीएस के तहत संचालित दुकानों की जांच के संबंध में



छत्तीसगढ़ विधानसभा में सत्र के दौरान पीडीएस में गड़बड़ी का मामला उठने पर विधानसभा द्वारा विधानसभास्तरीय जांच समिति का गठन करने की घोषणा सरकार द्वारा की गई थी। उसके परिप्रेक्ष्य में विधानसभास्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है, जिसमें क्षेत्र की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा भी सदस्य हैं। गौरतलब है कि विधानसभा में पीडीएस के तहत संचालित दुकानों की जांच के संबंध में धरम लाल कौशिक ने सवाल उठाया था। 6 फरवरी 2024 को चर्चा के दौरान पीडीएस के चावल में अनियमितता व हेराफेरी की जांच, सदन की जांच समिति से कराने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा के तारतम्य में अध्यक्ष द्वारा समिति का गठन किया गया है। समिति में राजेश मूणत, विक्रम उसेण्डी, पुन्नूलाल मोहले, संगीता सिन्हा, बघेल लखेश्वर को शामिल किया गया है।

## निधन

### गेंदसिंह चौहान

**बेमेतरा/दाढ़ी।** हरिभूमि दाढ़ी क्षेत्र



के हाकर गेंद सिंह चौहान पिता उग्रसेन चौहान ग्राम बिरसिंघी उम्र 28 साल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज गृहग्राम में किया जाएगा। गेंद सिंह चौहान के निधन पर दाढ़ी क्षेत्र के संवाददाताओं एवं अखबार के हाकरों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# समर कैंप से बच्चों में शारीरिक और मानसिक क्षमता का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में दस दिवसीय समर कैंप का समापन 30 मई को हो गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाला की शिक्षिका उषा पाटकर ने बताया कि समर कैंप में शारीरिक एवं मानसिक योग्यता को शामिल करते हुए बच्चों ने मनोरंजन ढंग से विभिन्न गतिविधियों को सीखा। इस कार्यक्रम को शिक्षा से जोड़ते हुए बच्चों ने जहां कहानी श्रवण एवं वाचन माध्यमों से पुस्तकों का आनंद उठाया वहीं कैरम, तावा फेंक, रस्सी कूद लूडो आदि खेलों द्वारा भरपूर मजा लिया। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी शामिल होकर इनडोर और आउटडोर खेलकूद का मजा लिया। शिक्षक लोकेश्वर दास मानिकपुरी एवं शिक्षिका उषा पाटकर ने अपनी कल्पनाओं को पंख देते हुए श्याम पट पर अपनी प्रतिभा को उकेरा एवं कल्पनाओं को मनचाहे विभिन्न आकृतियां बनाईं। कुछ बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश पर अपने परिजनों के यहां से लौटने और वहां बिताए दिनों को स्मरण करते हुए यात्रावृत्तांत सुनाया। विवाह, नामकरण संस्कार आदि पारंपरिक कार्य पर अपनी बात भी शिक्षकों से सांझा किया। इन अवसरों पर लुफ्त उठाएं। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और गाए जाने वाले गीतों को भी बताया। शिक्षकों ने बताया कि इससे बच्चों



में यात्रावृत्तांत लेखनी में, श्रवण में एवं भाषाई दक्षता का भी विकास होगा साथ ही बच्चों के अंदर छिपी विलक्षण प्रतिभा भी निखर कर बाहर आएंगी। बच्चे अपनी बातों को बहुत ही उत्साहित होकर रख पाते हैं और सुनते हुए कुछ पल के लिए हम भी कल्पनाओं के माध्यम से उस स्थान की सैर कर आतें हैं। ऐसा करते हुए अद्भुत आनंद का अनुभव होता है। अन्य गतिविधियों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे चित्रकारी, मेहंदी, पेपर क्राफ्ट द्वारा विभिन्न वस्तुओं का निर्माण किया। इस समर कैंप के माध्यम से ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग कर विभिन्न गतिविधियों का संचालन करना रहा। बच्चों और शिक्षकों के मध्य के अतुलनीय मधुर संबंधों को और भी ज्यादा मीठापन बनाएं रखते हुए रोचकता पूर्ण गतिविधियों का समावेश कर शिक्षा को खेल-खेल में सीखना एवं शारीरिक मानसिक योग्यता का निर्माण करना इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा। इस समर कैंप को सफल बनाने में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक पंचराम साहू, शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, शिक्षिका उषा पाटकर कर्मचारी अनल सिंह एवं बच्चों में जुमेद पटेल, तमेस पटेल जानकी साहू, प्रियांशु शर्मा, भूमि पाटकर तोरण साहू, दिलेश्वर यादव, कृष्णा साहू छत्रपाल पटेल, लेखराज, देवकुमार, जानवी साहू, दामिनी साहू, लक्ष्मी यादव आदि बच्चें साथ ही इस कैंप में स्कूली बच्चों के साथ अन्य ग्रामीण बच्चों ने भी आनंद उठाते हुए अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में चला जागरूकता अभियान

# तंबाकू से रहें दूर, दूसरों को भी बताएं दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल सहित जिले बेरला, साजा, नवागढ़,खंडसारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व अधिनस्थ स्वास्थ्य केंद्र पर तम्बाकू निषेध पर परिचर्चा करते हुए उनके होने वाले दुष्प्रभाव पर जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही तम्बाकू सेवन से स्वयं के साथ दूसरों को परहेज के लिए जागरूक करने शपथ दिलाई गई।




#### क्या है नशा करने का कारण

- युवाओं में आत्मविश्वास की कमी के कारण।
- निम्न सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति।
- साथियों एवं भाई-बहन के द्वारा तम्बाखू का उपयोग करने से।
- माता-पिता या अभिभावक द्वारा धुम्रपान का उपयोग या समर्थन करने पर।
- स्वास्थ संबंधी शिक्षा का अभाव के कारण।
- तम्बाखू के विज्ञापनों के संपर्क में आकर उनसे प्रभावित होने पर।

#### तम्बाकू की लत लगने के लक्षण

- भूख कम महसूस होना।
- अधिक लार और कफ बनना।
- प्रति मिनट दिल की धड़कन 10 से 20 बार बढ़ जाना।
- छोटी-छोटी बात पर बेचैनी महसूस होना।
- ज्यादा पसीना आना और उल्टी-दस्त होना।
- हर काम करने के लिए तंबाकू की जरूरत महसूस होना।
- चिंता बढ़ना, अवसाद, निराशा आदि महसूस होना।
- सिर दर्द होना और ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होना।


#### तम्बाकू छोड़ने के तरीके

- दृढ़ इच्छाशक्ति कायम करना।
- योजनाएं बनाना।
- तनाव पर नियंत्रण करना।
- इच्छा को दबाना।
- मित्रों के साथ मिलकर छोड़ना।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने तंबाकू के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**बेमेतरा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 31 मई को शासकीय पण्डित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मनीष वर्मा महेश चन्द्राकर एवं किशन वर्मा द्वारा ग्राम कोबिया में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति के लिए दीवारों पर स्लोगन लेखन, स्वच्छता एवं लोगों को जागरूक किया गया। इसमें उपस्थित नागरिकों से स्वयंसेवकों ने तम्बाकू के दुष्परिणाम को बताते हुए सबसे आग्रह किया गया कि आप सभी आज ही नशा का परित्याग करें एवं स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सहयोग प्रदान करें।

- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पं नेहरू महाविद्यालय की ओर से किया गया आयोजन




स्वयंसेवकों ने उपस्थित लोगों को बताया गया कि आज सबसे ज़्यादा मृत्यु नशीले पदार्थों के सेवन करने से हो रहा है मानते हैं कि तम्बाकू को छोड़ना आसान नहीं है किन्तु नामुमकिन भी नहीं है आप सभी से निवेदन है कि उन भयवाह स्थिति आने से पहले आप आज ही नशे का परित्याग कर दें। उन्होंने वहां पर उपस्थित युवाओं से भी अनुरोध किया कि आइए आज हम सभी को मिलकर इसमें लगाम लगाने की आवश्यकता है। हम सभी जनजागरूकता के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

स्वयंसेवकों की मुहिम की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी पी चन्द्रवंशी एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र बारले सहित महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर एवं ग्रामवासियों ने सराहना की।

## ग्रामीणों को बताए तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम

**बेमेतरा।** नालसा द्वारा दिये गये स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2024 के अनुसार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा ग्राम चोरभट्ठी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को नशा मुक्ति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि तम्बाकू सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक जानलेवा बीमारी भी हो सकती है जिसका उपचार अत्यधिक महंगा साबित होता है तथा परिवारजनों को उससे काफी तकलीफ मिलती है। उक्त शिविर में तम्बाकू से होने वाले नुकसान एवं उससे जुड़े खतरों के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। प्रतिवर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। **कानूनों की दी गई जानकारी :** शिविर के दौरान नालसा की योजनाओं जैसे महिलाओं के अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, वाहन चालन अधिनियम, घेरलू हिंसा अधिनियम, हमर अंगना योजना एवं निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से निःशुल्क विधिक सलाह प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के पैरालीगल वॉलिंटियर्स सोनिया राजपूत, चेतन सिंह टुवेन्द्र सिंह वर्मा, पंकज घृतलहरे, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, स्वाति कुंजाम द्वारा पृथक पृथक जानकारी दी गई।

## समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने सीखा मिट्टी से खिलौने बनाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में समर कैंप का आयोजन 20 से 30 तक किया गया। समर कैम्प के अंतिम दिन 30 मई को खिलौना आधारित बच्चों को पेपर कटिंग कर तितली बनाना सिखाया गया। शाला की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बताया कि समर कैम्प से बच्चों में कल्पनाशीलता और सृजनशीलता का विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण में तालाब, पुल, पेड़, पौधों की पहचान बताया गया। चित्र दिखाकर जैसे कुत्ता बिल्ली पुस्तक आदि पर कहानी लिखने को कहा गया। और मिट्टी के खिलौने बनवाएं। फलों व रंगों का नाम हिंदी अंग्रेजी व छत्तीसगढ़ी में बताया। छायादार वृक्ष कदम, अशोक, नीम के बारे में बताया गीत व नृत्य कराया समापन दिवस में गिनती आधारित कराया जिससे बच्चे संख्याओं को जोड़ना और घटाना सीखे कहानी के माध्यम से बच्चों द्वारा इबारती सवाल बनाया गया। इस प्रकार समर कैंप का समापन बच्चों का मुंह मीठा कर किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला समेसर के प्रधान पाठिका साधना साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समेसर के प्रधान पाठिका अलकनंदा मेश्राम मैडम, दिलीप कुमार जांगड़े, गोपेश्वरी साहू, रामकुमार घृतलहरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण साहू उपस्थित रही।

- शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में समर कैंप का हुआ समापन

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुई विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पी.सी.मरकले के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 172 स्कूल के करीब 5000 रेडक्रास वालेंटियरों ने रैली, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, चित्रकला, मेहन्दी, भाषण आदि के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया।




सी ए म ए च ओ डॉ.एम.के.सूर्यवंशी ने बताया कि तम्बाकू एक धीमा जहर है जो मनुष्य को धीरे धीरे खाता है, आज समाज में अधिकांश लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं चाहे वह बीड़ी, जर्दा, पाऊंच, गुड़ाखू, गांजा,के रूप में ही क्यों न हो।

तम्बाकू या सिगरेट वर्तमान में युवा पीढ़ी पर पूरी तरह हावी है, जिसके कारण नाना प्रकार की बीमारियां ,जैसे शुगर, अल्सर, कैंसर, फेफड़ा से संबंधित रोग हो जाता है। सिगरेट से सिर्फ पीने वाला ही नहीं बल्कि आसपास रहने वाले भी प्रभावित होते हैं। जिले के विभिन्न संस्थाओं द्वारा आज तम्बाकू मुक्त कार्यालय व संस्था बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# पिता ने भरण-पोषण देने से किया इंकार, कोर्ट ने राशि एक साथ देने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

कुटुम्ब न्यायालय बालोद में पिता के विरुद्ध 14 वर्ष तक प्रकरण चला। तब तक दोनों बच्चे भी बालिग हो गए। फिर इस पिता ने यह कहकर भरण-पोषण देने से मना कर दिया कि बच्चे अब 24 वर्ष और 25 वर्ष के बालिग हो गए हैं। इस कारण भरण पोषण प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है। इस पर विद्वान प्रधान न्यायाधीश योगेश पारीक बालोद ने बड़ा फैसला सुनाया है, जो मिल का पत्थर साबित होगा। अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने बताया कि ईश्वरी साहू ने अपने और अपने दो नाबालिग पुत्रों 10 वर्ष, 11 वर्ष की ओर अपने पति परमेश्वर (बदला हुआ नाम) के विरुद्ध भरण पोषण के लिए 8 जून 2010 को आवेदन पेश किया था। इस पर पति ने पत्नी को पहचाने से इंकार करते हुए, अपने दोनों बच्चों का पिता होने से भी इंकार कर दिया। इस पर पत्नी ने स्वयं हो कर डीएनए टेस्ट कराया, जिससे परमेश्वर दोनों बच्चों के जैविक पिता होना प्रमाणित पाया गया। इस पर पति ने उक्त रिपोर्ट के गलत होने का आरोप लगाते हुए फिर से डीएनए टेस्ट कराए जाने की मांग हाई कोर्ट से की। हाई कोर्ट ने उसे स्वीकार कर टेस्ट की अनुमति दी थी। लेकिन, पति ने टेस्ट का खर्च उठा पाने में असमर्थता जाहिर की। तब तक परवरिश के आवेदन को पेश हुए 14 वर्ष हो गए और इस बीच बच्चे 24 वर्ष और 25 वर्ष के बालिक हो गए। तब परमेश्वर ने कहा कि बच्चे अब बालिग हो गए हैं, इस कारण से विधि अनुसार बालिक पुत्र भरण पोषण प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है। इस पर न्यायालय ने अधिवक्ता श्री साहू के न्याय सम्मत तर्क के बाद प्रत्येक बच्चे को 15-15 सौ रुपए आवेदन तिथि से परवरिश राशि एकमुश्त एक माह के भीतर देने का आदेश किया।

- कुटुंब न्यायालय में 14 साल चला प्रकरण, तब तक बालिग हो गए बच्चे

### चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर प्राचार्य ने किया आग्रह

# एफएलएन प्रशिक्षण में अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में चल रहे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान एफएलएन पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रतिवेदन वाचन प्रीतम चंद्राकर बेमेतरा ने किया। तत्पश्चात अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित राघवेंद्र साहू ने अभ्यास पुस्तिका, शिक्षा संदर्शिका एवं पाठयपुस्तक का उपयोग, साप्ताहिक पाठ योजना बनाकर एक एक बिंदुओ पर जानकारी दी। राज्य स्रोत व्यक्ति पवन देवांगन ने कहानी सुनाई। उसके बाद नवाजतन क्या है? हमें समय के साथ साथ अपडेट अर्थात बदलाव करने की आवश्यकता क्यों है? संबंधी जानकारी दी। केंवरा सेन ने नवाजतन के 6 सी पर चर्चा कर, इन बिंदुओं के आधार पर कार्य करते हुए बच्चों में बुनियादी दक्षता लाने की बात कही। राज्य स्रोत व्यक्ति जलेश जांगड़े के द्वारा स्कूल रेडी नेस क्या है? इसके



अंतर्गत विद्या प्रवेश को 12 सप्ताह अर्थात तीन माह का खेल आधारित गतिविधि बताया गया। जो कक्षा पहली के लिए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संरचना /ढांचा 5+3+3+4 पर आधारित है बताया गया। और इनका मुख्य उद्देश्य एफएलएन बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान सीखाना ही अंतिम सार या उद्देश्य बताया गया।

राज्य स्रोत व्यक्ति दीक्षा देवांगन ने रोचक ढंग से हावभाव के साथ कविता के माध्यम से बहु भाषी शिक्षण पर समझ बनाने से पहले सबको अपनी ओर जोड़ने का प्रयास किया गया। उसके बाद सुनील मिश्रा एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी एससीईआरटी रायपुर के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगाँव विकासखंड बेरला के बच्चों के द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया।

#### लिया गया क्विज टेस्ट

द्वितीय सत्र में राज्य स्रोत व्यक्ति पवन देवांगन द्वारा नवाजतन पर आधारित क्विज टेस्ट लिया गया। उसके बाद पुस्तकालय के संबंध में सांकेतिक भाषा में अपरिचित लिपि से समझ बनाने का प्रयास किया और साथ में चित्रों का उपयोग किया गया। राज्य स्रोत व्यक्ति केंवरा सेन ने जादुई पिटारा के संबंध में जानकारी दी। डाइट प्राचार्य जेके धृतलहरे ने सभी एसआरजी और डीआरजी साथियों को एफएलएन की चुनौती को स्वीकार करते हुए जिला का नाम रोशन करने हेतु कार्य करने का आह्वान किया गया। अलग स्तर के प्रश्नों पर समूह इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में जलेश जांगड़े, पवन देवांगन, ईरज वर्मा, कांति नागे, केंवरा सेन, दीक्षा देवांगन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से स्रोत व्यक्ति धनंजय और दीप्ति शामिल रहे। इस अवसर पर एफएलएन की प्रभारी और डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, यमुना जांगड़े, अनिल कुमार सोनी, डॉ बसुबंधु दीवान, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे, अमिंदर भारती उपस्थित थे।

